रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) जी हां।

(ख) 151/152 बम्बई सेंट्रल-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रैस गाड़ी की तेज रफतार की विशेषता का ध्यान रखते हुए इस गाड़ी को कोटा पर ठहराने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

दिल्ली-अहमदाबाद लाइन को बड़ी लाइन में बदलना

4721. **श्री लालजी भाई** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली अहमदाबाद लाइन को बड़ी रेल लाइन में बदलने का कार्य शुरु कर दिया गया है ;

(ख) यदि हां तो इसको पूरा करने में कितने वर्ष लगेंगे ; और

(ग) इस लाइन को बड़ी लाइन में बदलने में अनुमानत: कितना खर्च आयेगा। ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) से (ग). दिल्ली-अहमदाबाद मीटर लाइन के बड़ी लाइन में आमान-परिवर्तन की परियोजना की लागत का अनुमान लगभग 108 करोड़ रुपए हैं और इसे चालू वर्ष के बजट में टोकन व्यवस्था करके शामिल किया जा चुका हैं। संसाधनों की बहुत सीमित उपलब्धता के कारण फिलहाल इस परियोजना को पूरा करने की कोई निर्धारित तिथि निश्चित नहीं की गई है।

चेतक एक्सप्रेस का देर से चलना

4722. **श्री लालजी भाई** :

श्री भानू कुमार शास्त्री :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले 6 महीनों से "चेतक एक्सप्रैस" दिल्ली स्टेशन पर हमेशा देर से पहुंचती है ;

(ख) पिछले 6 महीनों में यह गाड़ी कितनी बार देर से पहुंची और इसके क्या कारण है ; और

(ग) क्या सरकार इस सम्बन्ध में कोई उपचारात्मक कार्यवाही कर रही है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) जी नहीं।

(ख) और (ग). जून से नवम्बर 1977 तक की अवधि के दौरान 216 डाऊन चेतक एक्सप्रैस 35 बार दिल्ली में विलम्ब से पहुंची थी। इस गाड़ी के विलम्ब से पहुंचने का कारण मुख्यत: इंजन की खराबी जंजीर खींचने आदि था। इस गाड़ी के चालन पर कड़ी निगाह रखी जाती है और इसके समय-पालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव उपाय किये जा रहे हैं।

Over Production of items by Foreign Drug Firms

4723. SHRI SURENDRA BIKRAM: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) whether some foreign drug companies have been over-producing items of their liking and were allowed imports of raw materials, although they had shown specific capacities of these items in their applications for industrial licences;